भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 977**

08 दिसम्बर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**योग शिक्षकों की नियुक्ति**

977. डॉ. रामशंकर कठेरिया:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का आगामी वर्षों में विद्यालयों में योग शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कोई अभियान शुरू करने/कोई प्रक्रिया शुरू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा शिक्षकों को योग प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अब तक उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) से (घ): विद्यालयों में योग शिक्षकों की नियुक्ति में आयुष मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं है। चूंकि, देश में अधिकांश विद्यालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं, इसलिए विद्यालयों से संबंधित प्रशासनिक मामले जैसे उनमें योग शिक्षकों की नियुक्ति और शिक्षकों के लिए योग प्रशिक्षण प्रदान करना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की नीति और मानदंडों के अनुसार तय किया जाता है।

हालाँकि, आयुष मंत्रालय अपने तीन स्वायत्त निकायों नामतः मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन), नई दिल्ली और राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे के माध्यम से देश में योग को बढ़ावा देता है। एमडीएनआईवाई योग शिक्षा के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सीसीआरवाईएन योग और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में अनुसंधान और विकास के लिए शीर्ष निकाय है। एनआईएन, प्राकृतिक चिकित्सा का एक प्रमुख संस्थान, प्राकृतिक चिकित्सा और योग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। एमडीएनआईवाई, सीसीआरवाईएन और एनआईएन की गतिविधियां और कार्यक्रम क्रमशः yogamdniy.nic.in, www.ccryn.gov.in और ninpune.ayush.gov.in वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, आयुष मंत्रालय ने योग पेशेवरों के प्रमाणीकरण और विभिन्न श्रेणियों के तहत संस्थानों की मान्यता के लिए एक योग प्रमाणन बोर्ड (वाईसीबी) की स्थापना की है।

*****